## भर्ती हेतु सूचना

## सलाहकार– स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप सबके लिए समान एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो आपके लिए यहां, भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को एक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर है। ये पद आपको राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और राज्य और जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम लाने की प्रक्रिया में वास्तविक रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य करते हुए आप, सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से संबंधित विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकते हैं, उन्हें अपने अनकूल बना सकते हैं, सह–निर्माण कर सकते हैं और उनका प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह, एक पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, जिला एवं उप जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी को मूर्त रूप देने और सबके लिए स्वास्थ्य की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी पूर्णतः संविदा आधार पर सलाहकार– स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन की भर्ती करने का इच्छुक है।

**भूमिकाएं एवं दायित्वः**

- पेशेवर और सहायक स्वास्थ्य शिक्षा नियोजन, और सेवा–पूर्व और सेवारत कार्यक्रमों की योजना निर्माण सहित स्वास्थ्य और मानव संसाधन नियोजन एवं विकास के लिए जरूरी कौशल का विश्लेषण करना।
- चयन, भर्ती, शासन, सेवारत क्षमता निर्माण, बहु कौशल, अभिप्रेरण इत्यादि से संबंधित प्रथाओं सहित स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन में सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन और प्रचार–प्रसार करना।
- विभिन्न गैर–चिकित्सा और गैर–एलोपैथिक संवर्गों के लिए लाइसेंसिंग प्रणालियों और चिकित्सा सेवा प्रदायगी की जरूरतों के मूल्यांकन और समीक्षा करना।
- प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल टीम को मजबूत बनाने हेतु मध्य स्तर के प्रदाताओं के लिए, इग्नू के सहयोग से ब्रिज पाठ्यक्रम कार्यक्रम का कार्यान्वयन शुरू करना।

- विशेष रूप से प्राथमिक और द्वितीयक स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल के लिए चिकित्सा अधिकारियों में नेतृत्व संवर्ग बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, जिला स्तर की टीमों के लिए जन स्वास्थ्य नेतृत्व कार्यक्रमों को डिज़ाइन करना और उन्हें शुरू करना।
- विभिन्न संदर्भों की जटिलता और विविधता को ध्यान में रखते हुए, त्वरित समीक्षाओं और मूल्यांकनों के माध्यम से कार्यबल को तर्कसंगत बनाने, कमी विश्लेषण और बहु कौशल विकास के लिए रणनीतियां बनाने में राज्यों को सहयोग करना।
- राज्यों और जिलों में कार्यबल प्रबंध से जुड़े मुद्दों का अध्ययन करना, आम रणनीतिक पहलों की पहचान करना और राज्यों में प्रशिक्षण व्यवस्था करना।
- अध्ययन, आदान–प्रदाना और प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से स्वास्थ्य निदेशालयों और राज्य स्वास्थ्य सोसाइटियों के एकीकरण में सहयोग करना।
- विभिन्न कर्मचारी संवर्गों के लिए कैरियर पथ विकसित करने में राज्यों को सक्षम बनाना।
- भावी आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन नीतियों के विकास में राज्यों और केंद्रों की सहायता करना।
- स्वास्थ्य मानव संसाधन योजना के मुद्दों को समझने के लिए प्रारंभिक अनुसंधान और कार्यान्वयन अनुसंधान का नेतृत्व और मार्गदर्शन करना।
- स्वास्थ्य मानव संसाधन योजना के लिए क्षमताओं में तेजी से विस्तार के लिए राज्यों का सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नर्सिंग प्रभाग और एमई प्रभाग के साथ निम्नलिखित हेतु कार्य करनाः
- भर्ती शर्तों/सूचना को तैयार करने, प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित करने और भर्ती/चयन आदि में सहयोग करने सहित, राज्यों और जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता इनपुट जुटाना।
- कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी और/या एनएचएसआरसी की कार्यकारी समिति द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**योग्यताएं और अनुभवः**

- अधिमानतः चिकित्सा, नर्सिंग या पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में स्नातक उपाधि सहित ाकिसी प्रतिष्ठित संस्थान से जन स्वास्थ्य प्रबंध या विज्ञान के क्षेत्रों में स्नातकोत्तर उपाधि।
- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन के विकास में राज्य या राष्ट्रीय स्तर के अनुभव सहित जन स्वास्थ्य के क्षेत्र मेंयोग्यता उपरांत न्यूनतम 15 वर्षों का कार्य अनुभव।
- स्वास्थ्य क्षेत्र प्रबंध और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य (प्रकाशित कार्य/रिपोर्टें या अध्ययन) अत्यंत वांछनीय हैं।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

**आयु सीमाः** 60 वर्ष और उससे कम (आवेदन की अंतिम तिथि को)

**कार्य स्थलः** नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की अधिक यात्रा। एक महीने में लगभग 50 प्रतिशत समय तक यात्रा करनी हो सकती है।

**पारिश्रमिक सीमाः** प्रतिमाह 1,90,000/– रु. तक

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **24 सितंबर, 2017 को अपराह्न 4 बजे तक** recruitments.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।